**सूचना का अधिकार/अति महत्वपूर्ण/आज ही**

संख्या : RTI- 545/आठ–8–23–01सूचना/2023

प्रेषक,

किशलय सिंह,
अनु सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. उपाध्यक्ष/अध्यक्ष,
समस्त विकास प्राधिकरण/विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश।

2. आवास आयुक्त,
उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद
लखनऊ

3. प्रबन्ध निदेशक,
यू0पी0 मेट्रो रेल कॉरपोरेशन।

4. निदेशक,
आवास बन्धु,
उ0प्र0 लखनऊ

5. मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक,
नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग,
उ0प्र0, लखनऊ।

6. जिलाधिकारी/नियंत्रक प्राधिकारी,
समस्त विनियमित क्षेत्र, उ0प्र0।

7. सचिव,
रेरा, लखनऊ।

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–8 लखनऊ : दिनॉक: 07 नवम्बर, 2023

विषयः– उत्तर प्रदेश सूचना आयोग लखनऊ में राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र (एन0आई0सी0) द्वारा बनाये जा रहे साफ्टवेयर हेतु उत्तर प्रदेश शासन के सभी विभागों में नोडल अधिकारी नामित किये जाने व उनका विवरण उपलब्ध कराये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक प्रमुख सचिव, प्रशासनिक सुधार अनुभाग–2 के पत्र संख्या–मु0स0–77/43–2–2023 दिनांक 03.11.2023 की संलग्नक सहित छायाप्रति संलग्न कर प्रेषित करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रश्नगत प्रकरण के सम्बन्ध में अपने–अपने अभिकरणों में नोडल अधिकारी नामित करते हुए उनका विवरण संलग्न प्रारूप पर उत्तर प्रदेश राज्य सूचना आयोग की ईमेल आई0डी0–webmaster-upic@up.gov.in पर आज ही उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करने के साथ ही कृत कार्यवाही की सूचना शासन को भी उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

प्रकरण मा0 उच्च न्यायालय के आदेश से आच्छादित है, अतएव सर्वोच्च प्राथमिकता अपेक्षित है।

**संलग्नक : यथोक्त।**

भवदीय,
(किशलय सिंह)
अनु सचिव

संख्या एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि, निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

1. रजिस्ट्रार उत्तर प्रदेश राज्य सूचना आयोग आर0टी0आई0 भवन, 7/7/विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ को उनके पत्र संख्या–44/उ0प्र0सू0आ0/रजि0/2023–24, दिनांक 04.08.2023 के संदर्भ में मा0 मुख्य सूचना आयुक्त महोदय को अवगत कराये जाने हेतु।
2. प्रशासनिक सुधार अनुभाग–2, उत्तर प्रदेश शासन को उनके पत्र संख्या–मु0स0–77/43–2–2023 दिनांक 03.11.2023 के क्रम में।
3. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,
(किशलय सिंह)
अनु सचिव

RTI-UO

File No.43-2/15/2023- -2- सं०- RTP-545/2023

84924/ACSH/23

शीर्ष प्राथमिकता

संख्या-मु०स०-77/43-2-2023

सचिव

(नितिन रमेश गोकर्ण)
अपर मुख्य सचिव
आवास एवं शहरी नियोजन विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन।

(सुनील कुमार सिंह)
विशेष सचिव
आवास एवं शहरी नियोजन विभाग
उ०प्र० शासन

प्रेषक,

के० रविन्द्र नायक,
प्रमुख सचिव,
उ०प्र० शासन।

सेवा में,

समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव,
उ०प्र० शासन।

प्रशासनिक सुधार अनुभाग-2 लखनऊ: दिनांक 03 नवम्बर, 2023

**विषय- उ०प्र० सूचना आयोग, लखनऊ में राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र (एन०आई०सी०) द्वारा बनाए जा रहे सॉफ्टवेयर हेतु उ०प्र० शासन के सभी विभागों में नोडल अधिकारी नामित किए जाने व उनका विवरण उपलब्ध कराए जाने के संबंध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक प्रशासनिक सुधार अनुभाग-2 के पत्र सं०-मु०स०-53/43-2-2023, दिनांक 09 अगस्त, 2023 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- उक्त पत्र में मा०उच्च न्यायालय, इलाहाबाद में योजित रिट याचिका संख्या-15009/2019 पवन तिवारी बनाम राज्य सूचना आयोग में पारित आदेशों के अनुपालन में विभागों तथा विभागों के नियंत्रणाधीन कार्यालयों में नोडल अधिकारी नामित करते हुए उनका विवरण संलग्न प्रारूप पर उ०प्र० सूचना आयोग की ई-मेल आई०डी०-**webmaster-upic@up.gov.in** पर प्रेषित किये जाने के निर्देश दिये गए थे।

3- मा० मुख्य सूचना आयुक्त महोदय द्वारा अपने पत्र दिनांक 26-10-2023 (छायाप्रति संलग्न) में यह अवगत कराया गया है कि शासन के कतिपय विभागों को छोड़कर अधिकांश विभागों द्वारा वांछित सूचना उपलब्ध नहीं कराई गई है।

अत: इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर 03 कार्यदिवस के भीतर शासन स्तर पर स्थित विभाग तथा विभागों के नियंत्रणाधीन विभागाध्यक्ष कार्यालयों में नोडल अधिकारी नामित करते हुए उ०प्र० सूचना आयोग की ई-मेल आई०डी०-**webmaster-upic@up.gov.in** पर उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

**संलग्नक-यथोक्त।**

भवदीय,

(के० रविन्द्र नायक)
प्रमुख सचिव

Signed by के0 रविन्द्र नायक
Date: 03-11-2023 16:57:14
Reason: Approved

(ओमेधारा वर्मा)
निजी सचिव,
सचिव
आवास एवं शहरी नियोजन विभाग
उत्तर प्रदेश शासन।

2023/ मु०स०-77/43-2-2023

No. 36554 /MS/SG/2023

सत्यमेव जयते

**भवेश कुमार सिंह**

मुख्य सूचना आयुक्त

अर्ध शा0पत्रांक : 552 / मु0सू0आ0 / कैम्प / 2023,
दिनॉक : 26 अक्टूबर, 2023

प्रमुख सचिव,

कृपया रजिस्ट्रार, उ0प्र0 सूचना आयोग के पूर्व प्रेषित पत्र सं0 44 / उ0प्र0सू0आ0 / रजि0 / 2023–24, दिनांक 04–08–2023 (संलग्नक–1) का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमें मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद में योजित रिट याचिका सं0 15009 / 2019 ( पवन तिवारी बनाम राज्य सूचना आयोग ) में पारित आदेश दिनांक 30–04–2015 के अनुपालन में राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र (एन0आई0सी0) द्वारा तैयार किये जाने वाले नवीन सॉफ्टवेयर हेतु उत्तर प्रदेश शासन के समस्त विभागों में नोडल अधिकारी नामित किये जाने का विवरण 15 दिवस के भीतर आयोग की आधिकारिक ई–मेल आई0डी0 webmaster-upic@up.gov.in पर उपलब्ध कराये जाने हेतु सम्बन्धित विभागों के अपर मुख्य सचिव / प्रमुख सचिव / विभागाध्यक्षों / निदेशकों को निर्देशित किये जाने की अपेक्षा की गयी थी।

उपर्युक्त क्रम में प्रमुख सचिव, प्रशासनिक सुधार विभाग, उ0प्र0 शासन द्वारा अपने पत्र दिनांक 09 अगस्त, 2023 (संलग्नक–2) के द्वारा उ0प्र0 शासन के समस्त विभागों के समस्त अपर मुख्य सचिव / प्रमुख सचिव / सचिव को वांछित विवरण एक सप्ताह में उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया था। इस क्रम में शासन के कतिपय विभागों को छोड़कर, ज्यादातार विभागों द्वारा वांछित विवरण उपलब्ध नहीं कराया गया है।

आपसे अपेक्षा है कि कृपया अपने स्तर से शासन के समस्त विभागों को यह निर्देशित करना चाहें कि वांछित विवरण पत्र प्राप्ति के एक सप्ताह के भीतर उपर्युक्त ई–मेल के माध्यम से आयोग को उपलब्ध करायें, ताकि मा0 उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र (एन0आई0सी0) द्वारा बनाये जा रहे नवीन सॉफ्टवेयर का यथाशीघ्र सफलतापूर्वक क्रियान्वयन किया जाना सम्भव हो सके।

भवनिष्ठ,

( भवेश कुमार सिंह )
28/X/2023

श्री दुर्गा शंकर मिश्रा,
मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

(दुर्गा शंकर मिश्र)
मुख्य सचिव
उत्तर प्रदेश शासन
26/10

प्र0स0 प्रशासनिक सुधार

सं0-963/BSARD/2023

JD

प्र.सु.अनु0-2

(डा0 ... )
संयुक्त निदेशक कम–उप सचिव,
प्रशासनिक सुधार विभाग,
उ0प्र0 शासन।

(के0 ... )
प्रमुख सचिव
प्रशासनिक सुधार एवं लोक सेवा प्रबन्धन विभाग
उत्तर प्रदेश शासन।
31/10/2023

**उत्तर प्रदेश सूचना आयोग**
'आर.टी.आई. भवन' 7/7/ए, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ–226010
दूरभाष : (कार्यालय) 0522-2728955, फैक्स: 0522-2721488, ई–मेल: webmaster.upic@gmail.com

File No.43-2/15/2023- -2-

संख्या 933/6 (मु०-6)/2023

संख्या-मु०स०-53/43-2-2023

प्रेषक,

के० रविन्द्र नायक,

प्रमुख सचिव,

उ०प्र०शासन।

सेवा में,

समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव,

उत्तर प्रदेश शासन।

प्रशासनिक सुधार अनुभाग-2 लखनऊ: दिनांक 09 अगस्त, 2023

विषय- उ०प्र० सूचना आयोग, लखनऊ में राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र (एन०आई०सी०) द्वारा बनाए जा रहे सॉफ्टवेयर हेतु उ०प्र० शासन के सभी विभागों में नोडल अधिकारी नामित किए जाने व उनका विवरण उपलब्ध कराए जाने के संबंध में।

महोदय,

रजिस्ट्रार, उ०प्र० सूचना आयोग द्वारा अपने पत्र दिनांक 04 अगस्त, 2023 (छायाप्रति संलग्न) के माध्यम से यह अवगत कराया गया है कि मा०उच्च न्यायालय, प्रयागराज में योजित रिट याचिका संख्या-15009/2019 पवन तिवारी बनाम राज्य सूचना आयोग में पारित आदेशों के अनुपालन में उत्तर प्रदेश सूचना आयोग, लखनऊ में राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र (एन०आई०सी०) द्वारा नवीन साफ्टवेयर विकसित किया जा रहा है। तत्क्रम में उ०प्र० सूचना आयोग द्वारा उ०प्र० शासन स्तर के समस्त विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/विभागाध्यक्षों के अधीन नोडल अधिकारी नामित किए जाने व उनका विवरण निर्धारित प्रारूप पर उपलब्ध कराए जाने का अनुरोध किया गया है।

अतः इस सम्बन्ध में मुझसे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर एक सप्ताह के अन्दर शासन स्तर पर स्थित विभाग तथा विभागों के नियत्रंणाधीन विभागाध्यक्ष कार्यालयों में नोडल अधिकारी नामित करते हुए उनका विवरण संलग्न प्रारूप पर उ०प्र० सूचना आयोग की ई-मेल आई०डी०-webmaster-upic@up.gov.in पर प्रेषित करने का कष्ट करें।

संलग्नक-यथोक्त।

भवदीय,

Signed by के0 रविन्द्र नायक
Reason: Approved

(के० रविन्द्र नायक)
प्रमुख सचिव।

10908/2023
VS(VKS)

10-8-23
(ए०वी० राजमौलि)
सचिव
गृह विभाग
उ०प्र० शासन

2520
JS(DP)/P-15

10-8-23
विशेष सचिव
गृह विभाग
उ० प्र० शासन

डी त्रिवेदी जी
11/08/2023

15/2023
22-2-2023

[illegible] गुप्ता
एच.जे.एस.
रजिस्ट्रार

उत्तर प्रदेश सूचना आयोग
'आर.टी.आई. भवन' 7/7/ए, विभूति खण्ड,
गोमती नगर, लखनऊ–226010
Uttar Pradesh Information Commission
'R.T.I. Bhawan' 7/7/A, Vibhuti Khand,
Gomti Nagar, Lucknow-226010

सेवा में,

मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।

पत्रांक : 44/उ0प्र0सू0आ0/रजि0/2023–24 दिनांक : 04 अगस्त, 2023

विषय : उ0प्र0 सूचना आयोग, लखनऊ में राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र, (एन0आई0सी0) द्वारा बनाए जा रहे सॉफ्टवेयर हेतु उ0प्र0 शासन के सभी विभागों में नोडल अधिकारी नामित किए जाने व उनका विवरण उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।

महोदय,

सादर अवगत कराना है कि मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद के द्वारा रिट याचिका संख्या 15009/2019 पवन तिवारी बनाम राज्य सूचना आयोग में पारित आदेश दिनांक–30.04.2015(प्रति संलग्न) के अनुपालन में उत्तर प्रदेश सूचना आयोग, लखनऊ में राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र, (एन0आई0सी0) द्वारा नवीन सॉफ्टवेयर तैयार किया जा रहा है। जिसमें उत्तर प्रदेश शासन के अन्तर्गत आने वाले सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/विभागाध्यक्षों/निदेशकों के अधीन नोडल अधिकारी नामित किए जाने व उनका विवरण उपलब्ध कराए जाने की आवश्यकता है।

अतः आपसे अनुरोध है कि उत्तर प्रदेश शासन के अन्तर्गत आने वाले समस्त विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/विभागाध्यक्षों/निदेशकों को निर्देशित करने का कष्ट करें कि वे अपने–अपने विभाग में अपने अधीन एक नोडल अधिकारी नामित करते हुए उनका समेकित विवरण संलग्न प्रारूप के अनुसार पत्र प्राप्ति के 15 दिवसों के भीतर आयोग की आधिकारिक ई–मेल आई0डी0 **webmaster-upic@up.gov.in** पर उपलब्ध कराने का कष्ट करें। जिससे मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद के द्वारा पारित आदेश का यथाशीघ्र अनुपालन किया जा सके।

संलग्नक–यथोपरि।

भवदीय
(हस्ताक्षर) 04/08/23
रजिस्ट्रार
उ0प्र0 सूचना आयोग

| | | |
|---|---|---|
| 1 | DEPARTMENT NAME | |
| 2 | DEPARTMENT ADDRESS | |
| 3 | NODAL OFFICER NAME IN ENGLISH | |
| 4 | NODAL OFFICER NAME IN HINDI | |
| 5 | NODAL OFFICER DESIGNATION | |
| 6 | NODAL OFFICER OFFICIAL E-MAIL ADDRESS | |
| 7 | NODAL OFFICER OFFICIAL MOBILE NUMBER | |
| 8 | NODAL OFFICER OFFICE LANDLINE NUMBER | |